RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-30 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 27 अगस्त से 02 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# 'नबन्ना प्रोटेस्ट' में बवाल के बाद BJP ने बुलाया 'बंगाल बंद', TMC बोली- ऐसा कुछ नहीं होगा

**पश्चिम बंगाल के बीजेपी चीफ सुकांता मजूमदार ने कल 12 घंटे के लिए बंगाल बंद बुलाया है।पश्चिम बंगाल में डॉक्टर रेप और मर्डर केस पर जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मंगलवार को 'नबन्ना प्रोटेस्ट' के दौरान कोलकाता में जमकर बवाल हुआ। इस दौरान छात्रों को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। छात्रों के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज के बाद बंगाल के बीजेपी चीफ सुकांता मजूमदार ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कल बंगाल में 12 घंटे का बंद बुलाया है। सुकांता मजूमदार ने ये भी कहा कि वो प्रदर्शनकारियों की मदद करेंगे।**

हालांकि इसके विरोध में बंगाल सरकार ने आदेश पारित कर दिया है। बंगाल सरकार का कहना है कि कल ऐसा कुछ नहीं होगा। बंगाल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को अपने आदेश में कहा है कि कल सभी को दफ्तर आना है। गैर हाजिरी पर एक्शन लिया जाएगा।

टीएमसी की तरफ से कहा गया है कि यह पश्चिम बंगाल में अराजकता लाने की साजिश है। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिए और पुलिस पर पत्थर फेंके। छात्र समाज के नाम पर वो कौन लोग थे? उनका पहला काम था कि वो बैरिकेड तोड़ें। इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है? पुलिसकर्मी घायल हुए। उन्होंने कहा कि सीपीआईएम ने संयम दिखाया लेकिन बीजेपी समर्थित गुंडों ने यह सब किया और पश्चिम बंगाल में अराजकता लाने की कोशिश की।

### बीजेपी के बंद को फेल कर देंगे लोग- टीएमसी

कुणाल घोष ने आगे कहा कि उन्होंने कल बंद बुलाया है लेकिन कल कोई बंद नहीं होगा। लोग उनके बंद को फेल कर देंगे। यह बीजेपी की साजिश है। यह दिल्ली से रची गई साजिश है। बीजेपी इस मामले के जरिए अराजकता फैलाना चाहती है। उन्होंने कहा, मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे कल (बुधवार) जनजीवन सामान्य बनाए रखें। मैं अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि वे किसी भी उकसावे में न आएं।



इससे पहले छात्रों पर लाठीचार्ज के बाद लाल बाग स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय पर छात्रों की रिहाई के लिए धरने पर बैठे पश्चिम बंगाल में बीजेपी के स्टेट प्रेसिडेंट सुकांता मजूमदार ने कहा, हमें आम हड़ताल का आह्वान करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि यह निरंकुश शासन लोगों की आवाज को अनसुना कर रहा है, जो मृत डॉक्टर बहन के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। न्याय के बजाय, ममता बनर्जी की पुलिस राज्य के शांतिप्रिय लोगों के साथ बर्बर व्यवहार कर रही है, जो केवल महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल चाहते हैं।



# J-K विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की तीसरी लिस्ट जारी, वैष्णो देवी सीट से बदला उम्मीदवार

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तीसरी सूची जारी कर दी है. इस लिस्ट में दूसरे चरण के 10 उम्मीदवार तो तीसरे चरण के 19 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है.

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तीसरी सूची जारी कर दी है. इस लिस्ट में दूसरे चरण के 10 उम्मीदवार तो तीसरे चरण के 19 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया हैइससे पहले भाजपा दो और सूची जारी कर चुकी है. पहली सूची में भाजपा ने 15 उम्मीदवार उतारे, तो दूसरी लिस्ट में सिर्फ एक नाम था. इसके बाद यह तीसरी लिस्ट भाजपा ने मंगलवार को जारी की है. इन सबसे पहले भी पार्टी ने 44 उम्मीदवारों की एक लिस्ट जारी की थी. जिसे कि कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद वापस ले लिया गया था.

### प्रमुख नेताओं के नाम लिस्ट से गायब

गौरतलब है कि तीसरी लिस्ट में भी अबतक डॉ. निर्मल सिंह के नाम का ऐलान नहीं हुआ है. इसके अलावा कविंद्र गुप्ता का नाम भी अब तक भाजपा की लिस्ट से गायब है.

# शराब घोटाले में के. कविता को सुप्रीम कोर्ट से बेल, जमा करना होगा पासपोर्ट



**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को भारत राष्ट्र समिति (क्रक्र) नेता के. कविता को जमानत दे दी है. उन्हें ईडी और सीबीआई केस में जमानत दी गई है. अदालत ने दोनों केस में 10-10 लाख रुपये के बॉन्ड पर उन्हें जमानत दी है.**

उन्हें अपना पासपोर्ट निचली अदालत के पास जमा करना होगा. अदालत ने उन्हें जमानत देते हुए कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि वह पढ़ी-लिखी हैं या विधायक या सांसद हैं तो उन्हें पीएमएलए एक्ट के प्रावधानों का लाभ से वंचित रखा जा सकता हैइस दौरान कोर्ट ने ईडी और सीबीआई से पूछा कि वे शराब घोटाले में कविता की संलिप्तता को सिद्ध करने के लिए कविता के खिलाफ साक्ष्य पेश करें.

# BJP में शामिल होने पर चंपाई सोरेन की पहली प्रतिक्रियापीएम मोदी और अमित शाह...



**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री और बीजेपी के नेता अमित शाह से मुलाकात की. इसके बाद बीजेपी में शामिल होने की तस्वीर साफ हुई.**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं. इसको लेकर उन्होंने आज चुप्पी तोड़ी. चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर विश्वास है. हमने बीजेपी में शामिल होने का निर्णय लिया है. हमने नया अध्याय शुरू किया है.

चंपाई सोरेन ने कहा, हमने सोचा था कि संन्यास लेंगे, लेकिन जनता की मांग के कारण राजनीति में हूं. अपना संगठन बनाने में समय लगता है. हमने अपनी बात पहले बता दी थी.चंपाई सोरेन का बीजेपी में शामिल होना सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. वहीं बीजेपी चंपाई सोरेन को बड़े आदिवासी नेता के तौर पर पार्टी में शामिल करवाने के लिए उत्साहित है.

संपादकीय

**जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद वहां पर सियासी माहौल गर्माने लगा है। 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने वाले चुनाव होने वाले हैं। तीन चरणों में होने वाले चुनावों के पहले चरण के नामांकन भरने की आखिरी तारीख आज है। हालांकि अभी भी तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस बरकरार है**

# जम्मू-कश्मीर में नए दौर की आस, विधानसभा चुनाव में सियासी जटिलता बरकरार



नई दिल्ली- जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आखिरी तारीख आज (27 अगस्त) है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## गठबंधन और अजेंडा

विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। क्ष्छक्क इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी।

## सूची की वापसी

क्ष्छक्क किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी कम मुश्किल नहीं। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची क्ष्छक्क की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी।

## बदल चुका है सीन

स्थिति की जटिलता का अंदाजा इस बात से लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां – PDP और BJP – एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं।नए दौर की उम्मीद जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है। इसकी तुलना अन्य राज्यों में होने वाले चुनावों से नहीं की जा सकती। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। सबकी नजरें ईवीएम से निकलने वाले इसी जनादेश पर है। उम्मीद है कि यहां से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि का नया दौर शुरू होगा।



संपादक- गोपाल गावंडे

**राजनीति**

# हरियाणा के चुनावी दंगल में अकेले उतरेगी सपा!... कांग्रेस ने न मानी शर्त तो अखिलेश लेंगे बड़ा फैसला

समाजवादी पार्टी हरियाणा के चुनावी दंगल में उतर सकती है। सपा की उत्तर प्रदेश के मूल निवासी और मुस्लिम मतदाताओं के भरोसे क्षेत्रीय से राष्ट्रीय पार्टी बनने की तमन्ना है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा विधानसभा चुनाव में किसी भी दल से गठबंधन से इन्कार कर चुके हैं।

समाजवादी पार्टी (सपा) की पहचान क्षेत्रीय दल से बढ़कर राष्ट्रीय पार्टी के रूप में दिलाने के लिए अखिलेश यादव भी हरियाणा विधानसभा चुनाव में उतर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने इंडिया गठबंधन का हवाला देते हुए कांग्रेस से हरियाणा में पांच विधानसभा सीटें मांगी हैं।

समाजवादी पार्टी को कांग्रेस हाईकमान के जवाब का इंतजार है। हालांकि हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश में किसी भी गठबंधन से इन्कार करते हुए कहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन में शामिल है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी। यदि कांग्रेस हरियाणा में समाजवादी पार्टी को सीटें नहीं देती है तो अखिलेश यादव मध्य प्रदेश की तरह हरियाणा में भी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए यूपी की 37 सीटों पर जीत दर्ज की।

पार्टी को तीन सीटों पर करीबी मुकाबले में हार मिली। इस परिणाम के बाद समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने के प्लान पर काम शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के तहत समाजवादी पार्टी हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है।

हरियाणा की 11 विधानसभा सीटों पर अहीर मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। 8 से 10 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अच्छी-खासी है। इसके अलावा प्रदेश करीब 15 लाख प्रवासी मतदाता हैं।

इनमें से करीब 12 लाख मतदाता उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर समाजवादी पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव के दंगल में अपनी जीत की संभावनाएं टटोल रही है। पार्टी ने कांग्रेस नेतृत्व से यादव बहुल पांच सीटें मांगी हैं।

जींद के बुढ़ाखेड़ा के मूल निवासी और समाजवादी पार्टी से पूर्व नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश विधान परिषद संजय लाठर ने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत चल रही है।

पार्टी जिन पांच सीटों पर प्रत्याशी उतारना चाहती है उनके बारे में कांग्रेस को बता दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब सीटों के समझौते को लेकर फैसला कांग्रेस नेतृत्व को करना है। दो-तीन दिन बाद लखनऊ में समाजवादी पार्टी की बैठक होनी है।




Haryana Assembly Election 2024 - फोटो : अमर उजाला

इसी में हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने पर फैसला लिया जाएगा।

मध्य प्रदेश में अकेले लड़कर सपा ने काटे कांग्रेस के वोट

2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से सीटें मांगी थीं और तब मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने दो टूक कह दिया था कि समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं देंगे। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश की 71 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए।

अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में 24 रैलियां की थीं। इन रैलियों में अखिलेश के निशाने पर भाजपा से ज्यादा कांग्रेस रही थी। हालांकि समाजवादी पार्टी को मध्य प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन समाजवादी पार्टी के वोट काटने की वजह से कांग्रेस जरूर चार सीटों निवाड़ी, राजनगर, ओरछी और चांदला पर हार गई थी।

जिस तरह लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने बड़ा दिल दिखाते हुए कांग्रेस को सीटें दी थीं। अब हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भी बड़प्पन दिखाना चाहिए और समाजवादी पार्टी को पांच सीटें देनी चाहिए। -संजय लाठर, सपा नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश विधान परिषद

समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस का गठबंधन केंद्रीय स्तर पर है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर अभी किसी भी दल से कोई बात नहीं चल रही है। यदि समाजवादी पार्टी की कांग्रेस हाईकमान के साथ वार्ता चल रही है तो अभी इस बारे में प्रदेश कांग्रेस को कोई जानकारी नहीं है। -चांदवीर हुड्डा, प्रवक्ता, हरियाणा कांग्रेस

# आर्मी जवान की हत्या में 6 आरोपियों को उम्र कैदन्सिर और चेहरे पर मारी थी तलवार, 7 साल बाद आया फैसला

**आर्मी जवान की हत्या के मामले में 6 आरोपियों को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। घटना के 7 साल बाद मामले में फैसला आया है। केस को चिह्नित प्रकरण की सूची में रखा गया था। पीड़ि?त परिवार को प्रतिकर दिलाए जाने के लिए कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अनुशंसा की है।**

जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत?याचार निवारण) अधिनियम 1989 देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने थाना बाणगंगा के केस में फैसला सुनाया है।

आरोपी दिलीप, हेमंत उर्फ कालू पिता रामचंद्र वर्मा, रोहित, मोहित, अर्जुन और विकास निवासी रामदत्त का भट्टा बाणगंगा को धारा 302/149 भादंवि में उम्र कैद और धारा 307/149 में 10-10 साल की सजा सुनाई है। 54000 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी आरती भदौरिया और विशेष लोक अभियोजक विशाल श्रीवास्तव ने की।

### ये है मामला

थाना बाणगंगा पर दर्ज केस में जांच करने पुलिस अरबिन्दों अस्पताल पहुंची। जहां पर योगेश पाल, प्रेमलता बाई, बाबूलाल पाल, शुभम पाल की एमएलसी रिपोर्ट प्राप्त की। योगेश पाल ने बताया कि वह मिलिट्री में नौकरी करता है और अभी छुट्टियों में घर आया था।

करीब 2 साल पहले हेमंत कौशल, दिलीप कौशल, विकास उर्फ विक्की बौरासी से उसके छोटे भाई शुभम पाल का विवाद हुआ था, तब से वह रंजिश रख रहे थे। 22 जनवरी 2017 को वह अपने दोस्त वरुण चौहान जो कि आर्मी पठानकोट में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ था के घर स्कीम नंबर 51 में खाना खाने गया था।

रात 10ः30 बजे अपनी बाइक से अपने दोस्त वरुण के साथ अपने घर आ रहा था, तभी रामदत्त का भट्टा मैदान पर तलवारों से लैस होकर हेमंत कौशल, दिलीप कौशल, मोहित यादव, विकास उर्फ विक्की बौरासी, अर्जुन बौरासी, रोहित कौशल मिले और दोनों पर हमला कर दिया।

हेमंत कौशल ने जान से मारने की नीयत से दोस्त वरुण के सिर पर तलवार मारी। रोहित ने वरुण के गाल पर तलवार मारी, दिलीप ने सिर पर, मोहित ने योगेश के दोनों हाथों की हथेलियों में तलवार मारी। घटना में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए और गाड़ी से गिर गए।




विवाद के बारे में सुनकर भाई शुभम, पिता बाबूलाल और मेरी मां प्रेमलता बीच-बचाव के लिए आई, तभी विकास उर्फ विक्की बौरासी ने भाई शुभम के गाल पर तलवार मारी और अर्जुन बौरासी ने पिता के कंधे पर तलवार से वार किया और मां को धक्का मारकर गिरा दिया।

वहीं खड़ी योगेश की कार को तोड़फोड़ कर नुकसान किया। चिल्ला चोट सुन मोहल्ले वाले इकट्ठा हो गए वह अपनी बाइक वहीं छोड़कर भाग गए।

सभी घायलों को इलाज के लिए अरबिन्दों अस्पताल लाया गया। अस्पताल में वरुण की मृत्यु हो गई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच की। आरोपियों को गिरफ्तार किया और हथियार जब्त किया। कोर्ट में चालान पेश किया। केस में 29 गवाहों के बयान समर्थन में करवाए गए। कोर्ट ने गवाह और सबूतों को ध्यान में रखते हुए आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है।



## स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, एक छात्र की मौत

## 6 से ज्यादा बच्चे बैठे थे, ड्राइवर पर शराब पीकर रिक्शा चलाने के आरोप

इंदौर में निजी स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहा ऑटो रिक्शा तेज रफ्तार में मंगलवार दोपहर पलट गया। एक छात्र हर्षित शितोले की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। वहीं बाकी के बच्चों को रिक्शा से सुरक्षित निकाल लिया गया है। आरोप है कि रिक्शा ड्राइवर चंपालाल, निवासी विनोबा नगर शराब पीकर गाड़ी चला रहा था। घटना तिलक नगर इलाके की है। इंदौरी स्वीट्स के सामने से सेंट अर्नाल्ड स्कूल के स्टूडेंट्स को लेकर ऑटो निकल रहा था। ड्राइवर चंपालाल की लापरवाही से बीच सड़क पर ऑटो पलट गया। 6 से ज्यादा बच्चे बैठे थे जिनमें से 15 साल के छात्र को गंभीर चोट आई थी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लोगों ने बच्चों को बाहर निकाला

सड़क पर अचानक पलटी खाने के बाद राहगीर और आसपास के लोग रिक्शा के पास पहुंचे। उसे सीधा किया। उसमें करीब आधा दर्जन से अधिक बच्चे सवार थे। ऑटो अचानक पलटने से सभी बच्चे घबरा गए। लोगों ने आरोप लगाया कि ऑटो ड्राइवर शराब के नशे में था जो काफी तेज गति से ऑटो रिक्शा चला रहा था।रिक्शा के ड्राइवर ने बताया कि अचानक गाड़ी का पहिया अलग हो गया। पुलिस ने मामले में ऑटो रिक्शा जब्त किया है। उसे थाने ले जाया गया।

### खजराना मंदिर में दुकानदार-श्रद्धालु के बीच मारपीट

## श्रद्धालु महिला का आरोप- सामान लेने की बात पर बाल खींचे, लात-घूंसों से पीटा, केस दर्ज

**इंदौर के खजराना में एक महिला के साथ दुकानदार मां और उसकी बेटी ने महिला श्रद्धालु को पीट दिया। वह यहां से पूजा पाठ का सामान लेने आई थी। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित महिला की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।**



खजराना पुलिस के मुताबिक तनुश्री हिंगोरानी निवासी गोयल विहार ने बताया कि वह रियल एस्टेट कंसल्टेंट है। सोमवार रात 9 बजे खजराना गणेश मंदिर पहुंची। यहां पर वीआईपी गेट के सामने गणेश जनरल स्टोर एवं पूजन सामग्री पर पूजा पाठ का सामान ले रही थी।

यहां दुकान पर बैठी किरण से सामान को लेकर कहासुनी हो गई। तनुश्री ने सामान वापस रख दिया। इस बात को लेकर किरण अपशब्द कहने लगी। उसे रोका तो उसने जोर से मारा, पीछे की तरफ गिर गई। उसने कहा कि दुकान पर मत आना। इधर दिखी तो जान से खत्म कर देगी।

इस दौरान उसकी बेटी बाहर आ गई। उसने सड़क के यहां ही बाल खींचे और मारपीट करने लगी। तभी किरण भी आ गई। दोनों मां बेटी ने लात घूंसों से मारना शुरू कर दिया। सड़क पर घसीटा। इस दौरान गले, गर्दन, चेहरे और हाथ में चोट लगी। आसपास के लोगों ने बचाव किया बाद में थाने पहुंची और मामले में केस दर्ज कराया।


## घर में आग लगाकर भागा बदमाश महिला ने पकड़ा तो धक्का देकर भागा, पुलिस तलाश रही बदमाश को

**इंदौर के जूनी इंदौर इलाके में एक बदमाश ने अलसुबह घर में आग लगा दी। घटना समय परिवार अंदर सो रहा था।सुबह महिला की नींद खुली तो उसने आग देखी। आहट से महिला की नींद खुली तो उसने बेटे और ननंद को भी जगा दिया। वे बदमाश के पीछे भागे लेकिन आरोपी ननंद को धक्का देकर भाग गया। महिला ने थाने जाकर केस दर्ज करा दिया।**

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक आशा बरोले की शिकायत पर इसराईल उर्फ नींबू पर आगजनी करने सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। आशा ने बताया कि वह जबरन कॉलोनी में ननंद रेखा, बेटे मोहित व ससुर अशोक के साथ रहती है।

रविवार की रात में दरवाजा लगाकर सो गए। सोमवार सुबह करीब 5 बजे के लगभग धुएं की गंध से नींद खुली। घर में धुआं फैला तो ननंद और बेटे को आवाज लगाई। देखा तो दरवाजे के पास कपड़ा जल रहा था। मैंने ननंद और बेटे को भी जगा दिया और तुरंत दरवाजा खोला तो बाहर इसराइल हाथ में प्लास्टिक की बोतल लेकर खड़ा था। जिसमें ज्वलनशील पदार्थ था। मुझे देखकर वह गली में भागा। बेटे मोहित और ननंद रेखा ने उसका पीछा किया। इस दौरान रेखा ने उसे पकड़ लिया। इसराईल ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और भाग गया।

## इंदौर में बेटे ने बुजुर्ग माता-पिता को पीटा दंपती बोले- छोटा बेटा भरण-पोषण नहीं देता, मकान में हिस्सा मांगता है, मारपीट करता है



इंदौर के पलासिया में बुजुर्ग दंपती के साथ मारपीट करने के मामले में बेटे के खिलाफ सीनियर सिटिजन एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़ित दंपती ने बताया कि वह शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है। इसके बाद भी बेटा मारपीट करता है। पुश्तैनी घर को लेकर हिस्सा मांगता है।

पलासिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नानूराम (60) पुत्र जगडू निवासी बड़ी ग्वाल टोली की शिकायत पर पुलिस ने छोटे बेटे हेमराज पर 4/24 मध्य प्रदेश माता पिता भरण पोषण अधिनियम 2009, एव 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के मामले में केस दर्ज किया है। नानूराम ने अपनी शिकायत में बताया कि घर में पत्नी लीलाबाई और दो बेटे संतोष और हेमराज रहते हैं। बड़ा बेटा संतोष कभी-कभी भरण पोषण को लेकर रुपए देता है। वहीं छोटा बेटा कभी उनकी मदद नहीं करता। कभी आर्थिक मदद के लिए कहते हैं तो बोलता है कि मकान में हिस्सा दो नहीं तो इसी तरह से मारपीट करूंगा। कुछ भी खाने-पीने को नहीं दूंगा दंपती ने पुलिस को बताया कि दोनों शारीरिक रूप से मेहनत करने में असमर्थ हैं। हमारी आय का कोई साधन नहीं है। छोटे बेटे से राशन के लिए कहा, तो उसने अश्लील भाषा का उपयोग किया। इसके बाद मारपीट की। पत्नी बीच में आई तो उसे भी पीटा। उसने कहा कि खाने-पीने के लिए रुपए मांगोगे तो जान से खत्म कर दूंगा। जहर मिलाकर खिला दूंगा। दंपती ने बताया कि बेटे को लेकर जान का डर बना हुआ है। इसलिए मामले में कार्रवाई चाहते हैं।

# मैं अनंत की शक्ति हूं...

स्त्रहमें सरस्वती की भी आराधना करनी चाहिए । सरस्वती का कार्य बड़ा महान है। महा सरस्वती ने पहले सारा अंतरिक्ष बनाया। उसमें पृथ्वी तत्व विशेष है। पृथ्वी तत्व को इस तरह से सूर्य और चंद्रमा के बीच में लाकर खड़ा कर दिया कि वहां पर कोई सी भी जीवंत क्रिया आसानी से हो सकती है। इस जीवन प्रक्रिया से धीरे-धीरे मनुष्य भी उत्पन्न हुआ। परंतु हमें अपनी बहुत बड़ी शक्ति को जान लेना चाहिए। वह शक्ति है जिसे हम सृजन शक्ति कहते हैं वीटीवीटी क्रिएटिविटी कहते हैं। यह सृजन शक्ति सरस्वती का आशीर्वाद है जिसके द्वारा अनेक कलाएं उत्पन्न हुई । कला का प्रादुर्भाव सरस्वती के ही आशीर्वाद से है । हमारे बच्चे स्कूल में विद्यार्जन कर रहे हैं । पर हमें ध्यान रखना चाहिए कि बिना आत्मा को प्राप्त किए हम जो भी विद्या पा रहे हैं वह सारी अविद्या है । बिना आत्मसाक्षात्कार प्राप्त किए आप चाहे साइंस पड़े या अर्थशास्त्र उसे ना तो आप पूरी तरह समझ सकते हैं और ना ही उसको अपनी सर्जन शक्ति में ला सकते हैं । बच्चे दो प्रकार के होते हैं एक तो पढ़ने के शौकीन होते हैं और दूसरे जिन्हें पढ़ने का शौक नहीं होता । कुछ बच्चों के पास कम बुद्धि होती है और कुछ के पास अधिक । बुद्धि भी सरस्वती की देन है लेकिन आत्मा से मनुष्य में सुबुद्धि आ जाती है। बुद्धि से पाया हुआ ज्ञान जब तक आप सुबुद्धि पर नहीं तोलिएगा तो वह ज्ञान हानिकारक हो जाता है । इसलिए बहुत से लोग सोचते हैं कि पढ़ने लिखने से बच्चे बेकार हो जाएंगे, सफेदपोश होकर फिर खेती नहीं करेंगें । बस अपने को कुछ विशेष समझ कर के और इसी बहकावे में रहेंगे। किंतु आत्मसाक्षात्कार को पाकर जो विद्यार्जन होता है उसमें बराबर नीर क्षीर विवेक आ जाता है। वह समझ लेते हैं कि कौन सी चीज अच्छी है और कौन सी बुरी है। कौन सी चीज सीखनी चाहिए और कौन सी चीज नहीं सीखनी चाहिए उससे पहले कोई मयार्दा नहीं होती । मनुष्य किसी भी रास्ते पर जा सकता है और किसी भी और मुड़ सकता है और कोई भी बुरे काम कर सकता है। आजकल आप जानते हैं कि छोटे बच्चों में बहुत सारी बुराइयां आने की संभावना है और बड़ों में तो हो ही रहा है की ड्रेस आ गए और दुनिया भर की गंदी बातें बच्चे सीख रहे हैं और परेशानी में फंस गए हैं । यह सब चीजों का इलाज एक ही तरीके से हो सकता है कि इनके अंदर आप आत्मा का साक्षात्कार करें आत्मा का साक्षात्कार मिलने से ही सरस्वती की भी चमक आपकी बुद्धि में आ जाती है और जो बच्चे पढ़ने लिखने में कमजोर होते हैं वो भी अच्छा कार्य करने लग जाते हैं । इसके बाद कला की उत्पत्ति होती है अगर आप कला के बगैर आत्मसाक्षात्कार को ही अपना ना चाहे तो वह कला अधूरी रह जाती है या वो बेमयार्दा कहीं ऐसी जगह टकराती है कि जहां उसकी कला का नामोनिशान नहीं रह जाता । तो पहले आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करना ही सरस्वती का पूजन करना एक बड़ी शुभ बात है । हमें सरस्वती के प्रति उदासीन नहीं रहना चाहिए। मैं देखती हूं कि जहाँ जहाँ लोग खेती करते हैं वहां वहां धीरे-धीरे उनका संबंध प्रकृति से होता है और प्रकृति की जो खूबसूरती है उसे वह प्रकट करना चाहते हैं । जो कलाकार होता है वह भी प्रकृति की खूबसूरती को देखकर हुबहू उस तरह से ना बना उसमें अपनी भावना डालकर उसे एक नया रूप दे देता है । जब आप कला को पाने लग जाएंगे और जब आप कला की शुभ संवेदना समझ लेंगे तब आप कलात्मक चीजों की ही और रहेंगे । बहुत सी चीजें लोग बनाते हैं पर कुछ चीजें ऐसी बनती है जिसमें स्वयं चैतन्य बहता है। ऐसे तो पृथ्वी तत्व से ही बहुत से स्वयंभू निकल आए हैं लेकिन अगर आत्मसाक्षात्कारी मनुष्य कोई पुतला बनाता है या कोई कलात्मक चीज बनाता है तो उसमें से भी चेतन आने लग जाता है । सुंदर होने के साथ-साथ ऐसी कृती में एक तरह की अनंत शक्ति होती है। किसी साधारण कलाकार की बनाई कला शीघ्र समाप्त हो जाती है ।उसके प्रति ना तो लोगों की आस्था होती है और ना ही कोई श्रद्धा लेकिन अगर कोई कलाकार आत्म साक्षात्कारी हो तो उसकी कला अनंत तक चलती है क्योंकि उसके अंदर अनंत की शक्ति निहित होती है क्योंकि उसने जो कुछ भी बनाया वह आत्मा की अनुभूति से बनाया है जो आत्मा की रुचिकर है जो आत्मा पसंद करें ऐसी चीज वह बनाता है ।। कलात्मकता इस तरह से मनुष्य में बहुत सुंदरता से पनपती है और ऐसी कितनी भी कला की चीजें बनती हैं वो हमेशा के लिए संसार में मानी जाती हैं । आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति की कला अनंत की शक्ति से प्लाावित होती है। तो आप लोग भी आत्मसाक्षात्कारी हो गए हैं ।कला की ओर दृष्टि बढ़ाने से एक तो जीवन में सौंदर्या आ जाता है और जीवन का रहन सहन सुंदर हो जाता है । उसके लिए जरूरी नहीं कि आप बहुत रुपया पैसा खर्च करें। मिट्टी में भी कला भरी है । आप मिट्टी की भी कोई चीज बनाएं तो भी वह कलात्मक हो सकती है । हमारे ऊबड़ खबड़ जीवन में यदि थोड़ी सी कला की झलक आ जाए तो बड़ा ही सुख और आनंद मिलता है। इसलिए आप लोगों की दृष्टि अब कला की ओर जाए तो बड़ा अच्छा हो जाए सभी लोगों के लिए। हाथ से बनी हुई चीजों में चेतन ने बहता है। मशीनों का अत्यधिक प्रयोग करने से ही वातावरण दूषित हो गया है इसका इलाज ही यह है कि आप कलात्मक चीजों की ओर बढ़े जब लोग कलात्मक चीजों की ओर बढ़ेंगे तो एक तरह की श्रद्धा कला के प्रति हो जाएगी । सबसे बड़ी बात तो यह है कि हम हजारों चीजों को बेकार ही खरीदते हैं वह बंद हो जाएगी । हाथ से बनी चीजों के द्वारा अपने हृदय का आनंद हम दूसरों को समर्पित करते हैं । अब यह सोचना है कि किस तरह से यह सौंदर्य स्थापित हो । सबसे पहले सौंदर्य में हमेशा वैचित्र्य होना चाहिए, वैरायटी होना चाहिए । परमात्मा ने यदि सब की शक्ल एक सी बनाए होती तो कैसे लगते हम लोग? सभी लोग अलग-अलग प्रकार के कपड़े पहनते हैं । हमारे देश की सभी स्त्रियां अलग ढंग रंगों की साड़ियां पहनती हैं । यह वैचित्र्य केवल हमारे देश में ही मिलता है । विकसित देशों की औरतें तो गुलाम की तरह एक ही प्रकार के फैशन करती हैं । एक ही प्रकार के बाल बनवाते हैं । उसमें कोई फर्क ही नहीं प्रतीत होता । उनके अंदर जो आत्मा है वह दबी हुई है । उनमें ना वैंचित्र्य है और न ही सृजन शक्ति । अब कला का भी यही हाल हो गया है । विदेशों में अच्छी कलाकृतियां अधिक नहीं निकलती । जब कला पैसे पर उतर आती है तब उसकी आत्मा ही खत्म हो जाती है। कला आनंदमई होना चाहिए न कि उससे कितना पैसा मिले । जब आप की यह धारणा और लक्ष्य हो जाएगा तो स्वयं आत्मा ही आपको ऐसी प्रेरणा देगा कि आप ऐसी ऐसी सुंदर चीजें बनाएंगे जो भूतो ना भविष्यति पहले कभी बनी नहीं और ना बनेगी । एक से एक कलात्मक चीज लोग बनाएंगे और शांत प्रकृति गाँवो में के लोग इस प्रकार की रचना कर सकते हैं । शांतिमय ध्यानावस्था में रहे बिना कला सृजन अधूरा रह जाता है या मयार्दा विहीन । आपको कला का तंत्र तथा तकनीक मालूम होनी चाहिए । जब आपको आत्मसाक्षात्कार होता है तभी आपकी श्रजन कला बढ़ जाती है। जब आप पर सरस्वती जी की कृपा होती है तो आप कलाकार बन जाते हैं लेकिन आप आत्मसाक्षात्कारी कलाकार हो जाते हैं । जब आप आत्मसाक्षात्कारी कलाकार हो जाते हैं तब आपका सारा ही व्यक्तित्व बदल जाता है और जो भी सृजन आप करते हैं उसमें वह शक्ति जिसे मैं अनंत की शक्ति कहती हूँ। वह समाहित होती है और ऐसी बनाई हुई चीजें ऐसी क्रिया से जिसने कोई सा भी कार्य संपन्न किया हो, उसकी कीमत आंकी ही नहीं जा सकती और अनंत तक उसकी सौंदर्य शक्ति प्रदर्शित होती रहती है। सहजयोगियों के लिए बहुत जरूरी है कि वह कला में उतरे और कला को समझें।....



## लंच में शामिल करें गुड़ और दही से बनी ये चीज, पेट होगा ठंडा और दूर होगी सुस्ती!



तह्व्ह्- ड्डह्व्ह्- ष्ठ्ड्डद्धद्ध ष्ठह्लद्धठ्ठद्ब- दही और गुड़ से बनी ये चीज पेट को ठंडा करने के साथ सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मददगार है। पर लंच में इसे पीने के खास फायदे हैं। आइए, जानते हैं इसकी रेसिपी।

क्या आप भी लंच के बाद सुस्ती और नींद से परेशान हो जाते हैं। आपको भी लगता है कि आपका पेट फूल गया है और गैस जैसी दिक्कत महसूस हो रही है। तो आपके लिए ये ड्रिंक काम कर सकती है। दरअसल, ये बहुत ही देसी ड्रिंक है और इसे पीने के बाद आपको बहुत आराम महसूस होगा। आपको लगेगा कि आपका शरीर थोड़ा हल्का हो गया है और फिर आपको नींद और सुस्ती की समस्या भी नहीं होगी। इसके अलावा भी इस ड्रिंक को पीने के कई फायदे हैं। पर उससे पहले जान लेते हैं गुड़ और दही का रस कैसे बनाएं।

**सामग्री**–दही,गुड़,पानी,अजवाइन,काला नमक,हींग

### ड्रिंक को बनाने का तरीका

–इस ड्रिंक को बनाने के लिए सबसे पहले 2 गिलास पानी लें और इसमें गुड़ को तोड़कर मिला दें।

–ऐसे करें कि गुड़ पूरी तरह मिल जाए।

–फिर इसमें दही मिलाएं, अजवाइन और काला नमक मिलाएं।

–सबको अच्छी तरह से मिक्स करें।

–इसके बाद थोड़ा सा तेल गर्म करें और इसमें हींग मिलाकर इसका लड़का लगा लें।

–अब इस पूरे ड्रिंक को मिलाएं और फिर इसे पी लें।

### दही और गुड़ के इस ड्रिंक को पीने के फायदे

**पेट ठंडा करने वाला**–दही और गुड़ से बना ये ड्रिंक पेट ठंडा करने वाला है। इस ड्रिंक को पीने से आपके पेट की गर्मी कम हो जाती है और फिर पेट में गुड बैक्टीरिया बढ़ने लगता है। इसके अलावा ये ड्रिंक पेट के अस्तर को ठंडा करता है और फिर ब्लोटिंग व एसिडिटी की समस्या से बचाव में मददगार है।

**एनर्जी बूस्टर**–दही और गुड़, दोनों ही एनर्जी बूस्टर की तरह काम करते हैं। गुड़ का आयरन शरीर में रेड ब्लड सेल्स को बढ़ावा देते हैं और खून बढ़ाने में मदद करते हैं। इससे शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और फिर शरीर को एनर्जी मिलती है।

**डिटॉक्सीफायर हैं दोनों**–दही और गुड़ दोनों का जूस पीना शरीर से गंदगी को डिटॉक्सीफाई करने में मददगार है। ये दोनों शरीर से गंदगी को फ्लश ऑउट करते हैं और मेटाबोलिज्म तेज करते हैं। इससे पेट साफ रहता है, बॉडी डिटॉक्स होने की वजह से स्किन साफ रहती है। तो इन तमाम कारणों से दही और गुड़ से बना ये ड्रिंक पिएं।

# कब पड़ रही श्रीकृष्ण की छठी? जानें सही डेट, मुहूर्त, मंत्र और महत्व

**श्री कृष्ण जन्माष्टमी के 6 दिन बाद कान्हा की छठी मनाई जाती है। हिंदू धर्म के अनुसार, जब घर में किसी बच्चे का जन्म होता है उसके छह दिन या फिर 6 माह के बाद छठी का पर्व मनाया जाता है। ऐसे ही श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के ठीक 6 दिन बाद उनकी छठी का पर्व भी बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल की श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बात करें, तो गृहस्थ लोगों ने 26 अगस्त को मना लिया है। वहीं वैष्णव संप्रदाय में 27 अगस्त को मनाया जा रहा है। भगवान बाल गोपाल की छठी भी देशभर में धूमधाम से मनाई जाती है। आइए जानते हैं इस साल कब मनाई जाएगी श्री कृष्ण की छठी। इसके साथ ही जाने मुहूर्त, महत्व सहित अन्य जानकारी–**

हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। ऐसे में देशभर में जन्माष्टमी का पर्व 26 और 27 अगस्त को मनाई गई है। ऐसे में छठी 6 दिन बाद मनाई जाएगी। बता दें कि इस साल श्री कृष्ण की छठी 1 सितंबर को मनाई जाएगी।

### श्रीकृष्ण की छठी पर बन रहे शुभ योग

इस साल श्रीकृष्ण छठी के दिन आश्लेषा और मघा नक्षत्र के साथ परिघ और शिव योग भी बन रहा है। इसके साथ ही सूर्य सिंह राशि में ही विराजमान होंगे और चंद्रमा भी इसी राशि में आएंगे। ऐसे में इस अवधि में कान्हा की पूजा करने से कई गुना अधिक फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### श्रीकृष्ण छठी 2024 का महत्व

हिंदू मान्यताओं के अनुसार, जब किसी घर में नवजात बच्चे का जन्म होता है, तो उसके छह दिन बाद छठी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन षष्ठी देवी की विधिवत पूजा करने के साथ अच्छे स्वास्थ्य की




कामना की जाती है। बता दें कि षष्ठी देवी बच्चों का अधिष्ठात्री देवी है। उनकी कृपा से राजा प्रियव्रत के मृत पुत्र को पुनर्जीवित हो गया था। इसी के कारण छठे दिन इन देवी की पूजा की जाती है। इस दिन कढ़ी-चावल बनाकर कान्हा को भोग लगाया जाता है।

# अक्षय कुमार की फिल्म का खेल बिगाड़ने पर तुली स्त्री, मंडे को छाई मंदी

**खेल-खेल में सिनेमाघरों में 15 अगस्त को रिलीज हुई थी। बीते साल गदर 2 से मुंह की खाने के बाद भी अक्षय कुमार ने एक बार फिर से स्वतंत्रता दिवस पर टक्कर ली। साल 2024 में वह स्त्री 2 से टकराए जिसका खामियाजा उनकी फिल्म खेल-खेल में को भुगतना पड़ा। रविवार के बाद एक बार फिर से खेल-खेल में का कलेक्शन बुरी तरह गिर गया।**



**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार-वाणी कपूर और तापसी पन्नू स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म खेल-खेल में को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 12 दिन बीत चुके हैं। जिस तरह से फिल्म को समीक्षकों से प्रतिक्रिया मिली थी, उसे देखते हुए फैंस को भी उम्मीद थी कि एक बार फिर से खिलाड़ी कुमार की किस्मत के सितारे चमकेंगे और उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस करेगी।

हालांकि, ऐसा नहीं हो पाया, क्योंकि साढ़े पांच करोड़ से ओपनिंग लेने वाली इस मूवी का पहले सोमवार को ही हाल-बेहाल हो गया। वीकेंड के बाद एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर मंदी छा गई है और सोमवार को खेल-खेल में का कलेक्शन बुरी तरह से गिर गया है।

### सोमवार को फिर लुढ़का खेल-खेल में का कलेक्शन


दूसरे वीकेंड पर अक्षय कुमार की फिल्म खेल-खेल में एक बार फिर से ट्रैक पर लौटी थी। शनिवार और रविवार की छुट्टी का फिल्म को पूरा-पूरा फायदा मिला था। हालांकि, जन्माष्टमी की छुट्टी का फायदा फिल्म नहीं उठा सकी। सोमवार को एक बार फिर से अक्षय कुमार और तापसी पन्नू की फिल्म की कमाई लाखों में आ गिरी।

सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को सिर्फ 73 लाख का सिंगल डे पर कलेक्शन किया है। जन्माष्टमी पर सभी फिल्मों की कमाई डाउन रही। स्त्री 2 किसी भी तरह से खेल-खेल में और वेदा दोनों ही फिल्मों को कमाने का कोई मौका नहीं दे रही है। अक्षय कुमार के लिए भी स्त्री 2 से टकराना अब भारी पड़ रहा है।

### 50 करोड़ तक पहुंचने में भी हुई हालत खस्ता

जिस तरह से सोमवार को खेल-खेल में का कलेक्शन डाउन हुआ है, उससे फिल्म का दोबारा उठाना नामुमकिन सा लगने लगा है। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर अक्षय की फिल्म 12 दिनों में 50 करोड़ के आसपास भी नहीं पहुंच पाई है।

मूवी ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब तक नेट कलेक्शन 23.88 करोड़ तक किया है, जबकि वर्ल्डवाइड मूवी की कमाई 36.5 करोड़ तक पहुंची है। ओवरसीज मार्केट में मूवी ने सिर्फ और सिर्फ 8.75 करोड़ कमाए हैं। अक्षय कुमार की बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हुई फिल्मों की लिस्ट में अब खेल-खेल में का नाम भी जुड़ चुका है।



# महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान, हरमनप्रीत कौर चौथी बार इस टूर्नामेंट में करेंगी कप्तानी



**आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। मंगलवार को बीसीसीआई ने टीम की घोषणा की। हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी। वहीं, स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। महिला चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम का चयन किया। महिला टी20 विश्व कप इस साल संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का यह नौवां संस्करण तीन से 20 अक्तूबर तक दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्तूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला छह अक्तूबर को खेला जाएगा। यह दोनों मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे।**

इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। चयनकर्ताओं ने एक बार फिर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की ओपनिंग जोड़ी पर भरोसा जताया है। वहीं, मध्यक्रम की जिम्मेदारी कप्तान हरमनप्रीत, जेमिमा, दीप्ति और ऋचा पर होगी। पूजा और श्रेयंका पर मैच फिनिश करने की जिम्मेदारी होगी। श्रेयंका को टीम में शामिल तो किया गया है, लेकिन टूर्नामेंट से पहले उनकी फिटनेस की जांच होगी। अभी टूर्नामेंट में काफी वक्त है, ऐसे में श्रेयंका के फिट होने की उम्मीद है। यह धाकड़ स्पिन ऑलराउंडर अपना दिन होने पर किसी भी मैच को पलटने की क्षमता रखती है। हरमनप्रीत कौर चौथी बार इस टूर्नामेंट में कप्तानी करती दिखेंगी। वह 2018, 2020 और 2023 महिला टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान संभाल चुकी हैं।

स्पिन की जिम्मेदारी अनुभवी दीप्ति, राधा और आशा के कंधों पर होगी। यूएई में स्पिनर्स का बोलबाला रह सकता है। भारतीय महिला टीम ने पिछली टी20 सीरीज मई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। उस टीम से तीन खिलाड़ी इस टीम में नहीं हैं। इनमें उमा छेत्री, शबनम शकील और अमनजोत कौर शामिल हैं। उमा ट्रैवलिंग रिजर्व मे हैं, जबकि शबनम और अमनजोत को शामिल नहीं किया गया है। वहीं, भारत की ए टीम ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ टूर्नामेंट खेला था। इसमें कप्तानी करने वाली मिन्नू मणि, साइका इशाक और मेघना सिंह जैसी खिलाड़ियों को भी मौका नहीं दिया गया है।



### पांच-पांच टीमों के दो ग्रुप

महिला टी20 विश्व कप में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमों को रखा गया है। वहीं, ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड की टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट से पहले 28 सितंबर से एक अक्तूबर तक 10 अभ्यास मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में हर एक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी, जिसमें हर ग्रुप से शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें 17 और 18 अक्तूबर को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसके बाद 20 अक्तूबर को दुबई में फाइनल होगा। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह सेमीफाइनल-1 में खेलेगा। दुबई और शारजाह में कुल 23 मैच खेले जाएंगे।

**महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की टीम:- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल*, सजना सजीवन। ( *फिटनेस क्लीयरेंस के अधीन )**

**ट्रैवलिंग रिजर्व:- उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकुर।**

**नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व:- राघवी बिष्ट, प्रिया मिश्रा।**



# इन्दौर क्षेत्र में विकसित होगी मेट्रोपॉलिटन सिटी - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना हेतु युवा आगे आयें

## मुख्यमंत्री इंदौर में काबुली चना ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रथम वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल

**इंदौर शिक्षा, चिकित्सा, अपने पुरातन वैभव, व्यापार, व्यवसाय के लिए जाना जाता है। दुनिया काबुली चना बोलती हैं पर वह इंदौरी चना हैं। हमारे यहां का चना दुनिया के 60 से अधिक देशों में एक्सपोर्ट किया जा रहा है, जो गर्व की बात हैं। हमारी सरकार की सोच है कि चने का बेहतर दाम मिले और इकॉनामी मजबूत हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में काबुली चना ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रथम वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री गोलू शुक्ला, श्री गौरव रणदिवे, श्री संजय अग्रवाल सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा एसोसिएशन के माध्यम से काबुली चना स्टॉक लिमिट की समस्या हमारे सामने रखी गई, जिसका तत्काल निराकरण किया गया। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिये प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गेहूं के मुकाबले चने की फसल में सिंचाई की कम जरूरत होती है और उत्पादन अधिक होता हैं। चने की फसल के प्रोत्साहन हेतु मध्यप्रदेश सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। काबुली चने की लिमिट हटने से किसानों एवं व्यापारी दोनों को लाभ होगा। केंद्र सरकार ने भी काबुली चने से लिमिट हटाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा हमारी सरकार ने कृष्ण जन्माष्टमी को पूरे उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर कृष्ण जन्मोत्सव के आयोजन हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर और उज्जैन अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वाणिज्यिक और व्यापारिक दृष्टि से मध्यप्रदेश का भविष्य उज्ज्वल है। इंदौर, उज्जैन, देवास और धार ज़िले के कुछ हिस्सों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन सिटी का स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये राज्य सरकार द्वारा कोयंबटूर एवं बेंगलुरु में आयोजित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से प्रदेश में निवेश के नये द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की बहुत संभावनाएं है। प्रदेश सरकार इस क्षेत्र में नये उद्योगों की स्थापना हेतु विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने युवाओं से फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना हेतु आगे आने का आहवान किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा व्यापारियों की हर संभव सहायता एवं समस्याओं को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। भारत महाशक्ति बने, इसके लिये सभी की सामूहिक सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यापार के नये द्वार एवं निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अतिथियों को भगवान राधा-कृष्ण का चित्र एवं बांसुरी भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में काबुली चना एसोसिएशन के श्री अनूप मंगीजा, श्री राजुल सारडा ने स्वागत उदबोधन देते हुए एसोसिएशन की प्रगति एवं समस्याओं के बारे में बताया। श्री नवीन गर्ग ने आभार माना। सम्मेलन में देश भर से बड़ी संख्या में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुए।



## ट्रैफिक सुधार पर 2 हजार करोड़ खर्च

# निर्माण एजेंसियों में तालमेल नहीं, नतीजा- फ्लाय ओवर, डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के बाद भी लोग परेशान

**इन्दौर।** शहर के विकास को लेकर इंदौर में अलग-अलग मोर्चों पर लगातार काम हो रहा है। स्वच्छता, स्मार्ट सिटी, सूरत की तरह फ्लाय ओवर सिटी, लोक परिवहन के लिए मेट्रो, ट्रेड फेयर और टूरिज्म सिटी जैसे सपनों को साकार करने के लिए विभिन्न एजेंसियां काम कर रही हैं। इनमें नगर निगम, आईडीए, एनएचएआई, एमपीआरडीसी, स्मार्ट सिटी कंपनी, प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस प्रमुख एजेंसिया हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इन एजेंसियों ने 2012 के बाद कई प्रोजेक्ट शुरू किए। इनमें से कुछ पूरे हो गए, कुछ सियासी मुश्किलों में अटके हुए है। कुछ का फायदा लोगों को मिल रहा है तो कई प्रोजेक्ट भविष्य को ध्यान में रखकर प्लान नहीं किए गए। साथ ही एजेंसियों के बीच भी तालमेल का अभाव रहा, जिससे ये प्रोजेक्ट लोगों के लिए सुविधा की जगह परेशानी का सबब बन गए हैं।

बीआरटीएस जैसे प्रोजेक्ट से जनता को सुविधा तो मिली, लेकिन इसमें बनी बॉटलनेक शहर के लिए गले की हड्डी बन गई है। इससे बार-बार जाम की स्थिति बनती है। एजेंसियों ने 12 सालों में शहर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के काम किए, लेकिन फिर भी शहर के 13 लाख कामकाजी लोग रोजाना परेशान हो रहे हैं। समस्याएं जस की जस बनी हुई है। विशेषज्ञ बोले कि एजेंसियों के बीच आपसी समन्वयन नहीं होने से शहर की तस्वीर बदलने में नाकाम रही। आज भी शहर ट्रैफिक जाम, 2 इंच पानी गिरने पर जल भराव, पार्किंग और बेतरतीब निर्माण जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

अरबन प्लानर, विभिन्न सर्वे एजेंसियां कई बार एक अलग प्लानिंग सेल, यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी या यूनिफाइड डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाने के सुझाव दे चुकी है, जिससे विकास कार्यों के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय व तालमेल बनाया जा सकें। डेवलमेंट प्रोजेक्ट का फायदा आम जनता को मिले। समन्वयन नहीं होने की लापरवाही लवकुश चौराहे पर देखने को मिलेगी, यहां पर सुपर कॉरिडोर पर फ्लाय ओवर बन रहा है। मेट्रो भी इसी दिशा में बन रही है, लेकिन इसके ऊपर से डबल डेकर ब्रिज बनाया जा रहा है, जो भविष्य में सांवेर रोड पर चुनौती बनेगा।

**वर्तमान में यह हो रहा** -करोड़ों रुपए लागत के फ्लाय ओवर, मेट्रो कॉरिडोर, ऑडिटोरियम और अन्य सुविधाएं विभाग बना रहे

**यह भी किया जाए** - एक स्पेशल अथॉरिटी बनाई जाए, जिसके पास सभी प्रोजेक्ट मंजूरी के लिए भेजे जाएं, इसमें सभी विभाग मौजूद रहें

**खजराना फ्लाय ओवर व एलआईजी लिंक रोड** - आईडीए ने रिंगरोड के खजराना चौराहे पर फ्लाय ओवर बनाया। इसकी उतार एलआईजी लिंक रोड के क्रासिंग मुहाने पर कर दी। अब ट्रैफिक विभाग ने इस पर आपत्ति लेते हुए सर्विस रोड बनाने के बाद ही ट्रैफिक शुरू करने की बात कही है। मामला निगम और आईडीए के बीच अटका है। ब्रिज बनने के बाद भी लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### वर्तमान में ये चुनौती बने

**बीआरटीएस** - प्रोजेक्ट की प्लानिंग हुए 18 साल हो गए। इसका निर्माण होकर संचालन भी हो रहा है। इसमें नौलखा से एलआईजी चौराहे के बीच बॉटलनेक का हल अब तक नहीं निकल सका। मामला आईडीए व पीडब्ल्यूडी के बीच उलझा हुआ है। आईडीए ने एलिवेटेड ब्रिज का प्रोजेक्ट बनाया। केंद्र से सहायता के लिए लोक निर्माण विभाग ने मंजूरी भी ले ली। टेंडर भी जारी कर दिया। तीन साल बाद भी निर्माण शुरू नहीं हो सका। अब एमपीआरडीसी ने दो फ्लाय ओवर पर काम शुरू कर दिया। सुविधा मुसीबत बनती जा रही है।

**बाणगंगा रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी** - बाणगंगा क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के लिए फ्लाय ओवर पीडब्ल्यूडी ने प्लान किए। पहले दो लेन बनाया, फिर दो लेन बना दिया। इस ब्रिज का उतार ऐसे बनाया कि खातीपुरा की ओर से बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज बनाने में परेशानी आ रही है।

**बायपास पर सर्विस रोड व अंडर पास की प्लानिंग** -बायपास का निर्माण हुए 16-17 साल हो गए, लेकिन यह एक्सीडेंट जोन बन गया। क्रासिंग पर एनएचएआई ने जो अंडरपास बनाए वह सुविधा कम, मुसीबत ज्यादा बन गए। फिर नगर निगम ने सर्विस रोड प्रस्तावित किया, बन भी गया। अब फिर बदलाव कर रहे हैं।

### भविष्य में इन पर नजर

**मेट्रो की राह रुकेगी** - वर्तमान में मेट्रो की एक रिंग बन रही है। भविष्य में इसका विस्तार होगा। बीआरटीएस पर एमपीआरडीसी द्वारा बनाए जा रहे दोनों फ्लाय ओवर मेट्रो की राह रोकेंगे। इसी तरह रिंग रोड पर मेट्रो को बंगाली चौराहे से आगे ले जाने के लिए मुश्किल आएगी।

**एमआर-11 और देवास नाका फ्लाय ओवर** - वर्तमान में



एमआर-11 का निर्माण आईडीए कर रहा है। बायपास से एबी रोड के बीच की यह सड़क देवास नाका चौराहे से 500 मीटर दूर मिलेगी। इसी बीच एमपीआरडीसी ने यहां बीच में एक फ्लाय ओवर का निर्माण शुरू कर दिया। इसका स्लोप पहले तो क्रासिंग पर ही था। आईडीए की आपत्ति के बाद इसमें सुधार किया, लेकिन अब भी यह मात्र 50 मीटर पहले ही उतर रहा है। भविष्य में इससे परेशानी आएगी ।

**अन्नपूर्णा लिंक रोड व फूटी कोठी फलाय ओवर** -नगर निगम अन्नपूर्णा रोड से पश्चिम रिंग रोड को जोड़ने के लिए लिंक रोड बना रहा है। आईडीए ने इस लिंक के मुहाने पर ही फूटीकोठी ब्रिज खड़ा कर दिया, जबकि भविष्य में यह सघन ट्रैफिक एरिया बनेगा।

**महू नाका ओवर ब्रिज** - महू नाका ओवर ब्रिज को लेकर भी आईडीए व ट्रैफिक पुलिस में मतभेद है। आईडीए यहां पर लाबरिया भेरू से कलेक्टोरेट की तरफ सिक्स लेन ब्रिज बनाना चाहता हैं। ट्रैफिक पुलिस ने यहां पर डबल लेयर ब्रिज का सुझाव दिया है।

### समाधान-

### लॉन्ग टर्म प्लानिंग प्रभावित नहीं हो, इसका ध्यान रखें

शहर में विकास के लिए निर्माण होना चाहिए। अच्छी बात है, लेकिन इन निर्माण से लॉन्ग टर्म प्लानिंग प्रभावित नहीं हो, इस पर ध्यान देना जरूरी है।


वर्तमान निर्माण के साथ ही भविष्य के लिए भी ग्रेड, लेवल व जंक्शन तीनों तय करें और इनकी स्थितियां स्पष्ट रखें।

बड़े प्रोजेक्ट को ध्यान में रखते हुए वर्तमान की प्लानिंग करें। शहर में मेट्रो के लिए कई स्थानों पर परेशानी आएगी। भविष्य के लिए इस पर ध्यान देना जरूरी है।

सभी एजेंसियों पर नियंत्रण और निगरानी के लिए एक एकीकृत एजेंसी का निर्माण जरूरी है।

# सिमरोल पुलिस द्वारा भाजपा नेता के दबाव में पक्षपात पूर्ण प्रकरण दर्ज करने के संबंध में कांग्रेसजनों द्वारा एसपी को ज्ञापन सौंपा





इन्दौर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण)

कार्यालय :
गांधी भवन 19, प्रिंस यशवंत रोड,
इन्दौर (म.प्र.)

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल

सदाशिव यादव
अध्यक्ष
इन्दौर जिला कांग्रेस कमेटी

मोबा. 98260-14333
94250-56914
E-mail : sadashiv.yadav@gmail.com

दिनांक 27/8/24

प्रति,

श्रीमान हितिका वासल जी
पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)
इंदौर म.प्र.

विषय :- पुलिस द्वारा पक्षपात पूर्ण प्रकरण दर्ज करने हेतु ।

श्रीमान से निवेदन है कि थाना सिमरोल तहसील महु जिला इंदौर द्वारा

**सिमरोल पुलिस द्वारा भाजपा नेता के दबाव में पक्षपात पूर्ण प्रकरण दर्ज करने के संबंध में कांग्रेसजनों द्वारा एसपी को ज्ञापन सौंपा**

**महू-इंदौर-** जिला कांग्रेस के नेतृत्व में सिमरोल पुलिस द्वारा भाजपा नेता के दबाव में पक्षपात पूर्ण प्रकरण दर्ज करने के संबंध में कांग्रेसजनों द्वारा इंदौर एसपी ग्रामीण हितिका वासल को ज्ञापन सौंपा घटना सिमरोल थाना क्षेत्र के गांव उमठ में पायल पिता शिवजीराम के साथ मारपीट करने वाले भाजपा नेता उमेश औसारी पर मामूली धारा लगाई साथ ही भाजपा नेता के दबाव में फरियादी पर भी प्रकरण दर्ज हुआ और आरोपियों द्वारा अल्केश पिता शिवजीराम जो 12वीं कक्षा में पढ़ता है मौके पर नहीं था उसके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज हुआ। उनका नाम हटाने हेतु एसपी को ज्ञापन सौंपा। पुलिस के पक्षपात पूर्ण रवैये से आदिवासी बाहुल्य में भय का माहौल है। ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस नेता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव सिमरोल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सैनी जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत, शक्तिसिंह गोयल, दिनेश सलवाडिया, बैकुंट पटेल, महू युवक कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्रसिंह राठौर,अभिषेक यादव,गोपाल मुकाती, रोहित अग्रवाल, रामचंद्र ठेकेदार इत्यादि मौजूद रहे।



आर्टिस्ट इश्तियाक ने कहा नाटकों को आम आदमी तक पहुंचाएं निर्देशक

## बात करने का तरीका आपको एक्टर बना सकता है

सिटी रिपोर्टर | इंदौर

हिंदी नाटक आम आदमी से दूर हैं क्योंकि निर्देशक उसे सिर्फ बुद्धिजीवियों के लिए बनाते हैं। वे नाटकों को इतना बोझिल बना देते हैं कि आम इंसान देखने नहीं आता। इसलिए सबसे ज्यादा जिम्मेदारी निर्देशकों की है कि वे ऐसे रोचक नाटक करें कि लोग टिकट खरीदकर देखने आएं। यह कहना है फिल्म और थिएटर एक्टर इश्तियाक खान का। वे अनवरत थिएटर ग्रुप द्वारा आयोजित एक्टिंग वर्कशॉप के सिलसिले में शहर में हैं।

फंस गए रे ओबामा, तीस्मार खां, तमाशा, लूडो और हाल ही में आई फिल्म मैदान के साथ कई टीवी शोज के जरिए पहचान बना चुके इश्तियाक मप्र के पन्ना जिले में पले-बढ़े हैं। स्कूल के दिनों में वे शास्त्रीय संगीत सीख रहे थे। उन्हीं दिनों पन्ना में इप्टा का गठन हुआ और स्कूल के प्रिंसिपल ने ही उन्हें वहां भेजा और शुरू हुआ नाटकों का सफर। वे बताते हैं, सागर में एनएसडी के पूर्व छात्र गोविंद नामदेव के अन्वेषण ग्रुप से जुड़ा तो एनएसडी के बारे में पता चला और फिर वहां जाने की जद्दोजहद शुरू कर दी। पहली ही कोशिश में एडमिशन मिल गया। वहां से निकलने के बाद दो-तीन साल तक सागर में ही थिएटर किया लेकिन सिर्फ थिएटर से घर चलाना मुश्किल हो रहा था इसलिए मजबूरन मुंबई का रुख किया।

**यह पांच बातें आपको अभिनय के करीब जाने में मदद करेंगी**

1. समाज से जुड़िए ताकि समाज की अच्छाई-बुराई की समझ पैदा हो।
2. अपने परिवार के लिए ही नहीं पूरे समाज के लिए संवेदनशील रहना चाहिए।
3. जिससे भी मिलें, जहां भी जाएं हर चीज को ऑब्जर्व करें। लोगों के बात करने का तरीका आपको अच्छा एक्टर बनाएगा।
4. खूब पढ़ें और दूसरों का काम देखें। अपडेट रहने के लिए अखबार और अच्छे लेखकों की किताब पढ़िए।
5. किसी एक्टिंग स्कूल में या वर्कशॉप में जो भी थिएट्रिकल एक्सरसाइज सिखाई जाती है उनका लगातार रियाज करते रहिए। समय की पाबंदी भी जरूरी है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )